आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 17.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन उत्तराखंड दौरे पर। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में किया स्वागत।
- प्रदेश में भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई जारी। हरिद्वार में जिला पूर्ति अधिकारी और सहायक रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार।
- एमडीडीए ने देहरादून के डोईवाला में 40 बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की।
- टिहरी नर्सिंग कॉलेज में एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम को मंजूरी।

..............................................................

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन अपने एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आज देहरादून पहुंचे। जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। श्री राधाकृष्णन देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर राजधानी देहरादून सहित आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

..............................................................

रिश्वत/गिरफ्तार

प्रदेश में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में विजिलेंस विभाग की टीम ने हरिद्वार जिले में जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्य और उसके सहायक को पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। देहरादून से आई विजिलेंस टीम को काफी समय से जिला पूर्ति कार्यालय हरिद्वार से जुड़े इन अधिकारियों की रिश्वतखोरी की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। सूचनाओं के सत्यापन और सटीक योजना के बाद विजिलेंस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम द्वारा दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही संबंधित कार्यालय के अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य पहलुओं का भी खुलासा किया जा सके। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने दोहराया कि सरकारी सेवा को जनता की सेवा मानते हुए अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग करता है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अगर

कहीं भी भ्रष्टाचार की शिकायत हो, तो निःसंकोच संबंधित माध्यमों से सूचना दें। सरकार उनकी पहचान गोपनीय रखते हुए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

............................................................

आपदा प्रबंधन

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में वर्ष 2024 बैच के प्रशिक्षु डिप्टी पुलिस अधीक्षक, राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली, संस्थागत ढांचे और आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों में पुलिस विभाग की भूमिका से रूबरू हुए। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को आपदा प्रबंधन विभाग की कार्यप्रणाली, इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम की अवधारणा व संरचना, चेतावनी प्रसारण तंत्र, आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया और आपदा के बाद पुनर्वास व पुनर्निर्माण की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि आपदा प्रबंधन के संपूर्ण चक्र—आपदा पूर्व, आपदा के दौरान और आपदा के बाद की प्रक्रिया में पुलिस विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में पुलिस बल सबसे पहले मौके पर पहुंचने वाले प्रमुख एजेंसियों में से एक होता है, जिसकी जिम्मेदारी केवल कानून—व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि मानव जीवन की सुरक्षा, त्वरित राहत व बचाव कार्यों में सक्रिय सहयोग देना भी होती है। उन्होंने बताया कि आपदा के समय पुलिस की प्रमुख भूमिका में प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित पहुंच सुनिश्चित करना, सुरक्षित निकासी, भीड़ व यातायात प्रबंधन, राहत सामग्री के निर्बाध वितरण में सहयोग, संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा, अफवाहों पर नियंत्रण और सटीक सूचना का संप्रेषण शामिल है। इसके अतिरिक्त प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

............................................................

एमडीडीए कार्रवाई

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण— एमडीडीए ने देहरादून जिले के डोईवाला क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई करते हुए लगभग 40 बीघा भूमि को ध्वस्त किया। एमडीडीए प्रवर्तन टीम ने नकट भट्टा में की जा रही 30 बीघा अवैध प्लॉटिंग और झबरावाला में की जा रही करीब 10 बीघा अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई उत्तराखंड नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के तहत की गई। एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अनुपालन न होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि एमडीडीए का लक्ष्य नियोजित और सुरक्षित शहरी विकास सुनिश्चित करना है। वहीं, एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भूमि खरीदने से पहले उसकी वैधता एमडीडीए से सुनिश्चित करने की अपील की है।

............................................................

पाठ्यक्रम मंजूरी

प्रदेश सरकार ने टिहरी जिले के राजकीय नर्सिंग कॉलेज सुरसिंधार में एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के संचालन को मंजूरी दे दी है। शैक्षणिक सत्र 2026–27 से कॉलेज में स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू होंगी और कुल 10 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सरकार प्रदेश में उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में नर्सिंग कॉलेज टिहरी में एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम को स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में कॉलेज में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 40 सीटों के साथ संचालित है। पीजी कक्षाएं शुरू होने से स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

.............................................................

गढ़वाल आयुक्त

गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हरिद्वार–रुड़की विकास प्राधिकरण की 85वीं बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में हरिद्वार और रुड़की महायोजना–2041 सहित विभिन्न विषयों पर पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि बोर्ड बैठक में पिछली बैठक में जिन कार्यों की संस्तुति की गई थी, उनमें से अधिकांश पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

.............................................................

विक्रम चालक

देहरादून शहर में विक्रम चालकों के लिए अब वर्दी और पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। सभी विक्रमों पर सड़क सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर चस्पा किए गए हैं। विक्रम चालकों का पूरा विवरण पुलिस और परिवहन विभाग के पास दर्ज रहेगा। परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के तहत 142 विक्रम और उनके चालकों का सत्यापन किया गया। इस दौरान विक्रम की फिटनेस की जांच की गई और चालकों के दस्तावेजों का रिकॉर्ड तैयार किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि सत्यापन अभियान से यात्रियों की सुरक्षा मजबूत होगी और शहर की सड़कों पर विक्रमों का सुनियोजित संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

.............................................................